भारतीय जनता पार्टी

(केंद्रीय कार्यालय)

6A, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

10 मार्च 2019

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह जी की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति

मैं आज चुनाव आयोग द्वारा 17वें लोक सभा चुनाव, 2019 की घोषणा का स्वागत करता हूँ और देश की 130 करोड़ जनता का आह्वान करता हूँ कि वे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में "सशक्त भारत, सुरक्षित भारत और समृद्ध भारत" के लिए पुनः केंद्र में भारी बहुमत से भारतीय जनता पार्टी-नीत राजग सरकार के गठन का मार्ग प्रशस्त करें

****

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारतवर्ष की सुरक्षा और देश के रणनीतिक हितों को एक मजबूत बल मिला है। देश को पहली बार यह विश्वास हुआ है कि आतंकी हमलों के परिदृश्य में हिन्दुस्तान अब असहाय नहीं है

****

शांति और सद्भाव को बिगाड़ने का प्रयास करने वाले आतंकवादी तत्वों को मोदी सरकार में करारा जवाब दिया जा रहा है। यह नया भारत है

****

मोदी सरकार ने 130 करोड़ भारतीयों के कल्याण एवं उनके सुनहरे एवं सुरक्षित भविष्य को सुनिश्चित करने के लिए कई साहसिक फैसले किये हैं जिसका लाभ भी देश की जनता को मिलना शुरू हो गया है

****

जन-धन योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना जैसे कई इनिशिएटिव्स से लाखों भारतीयों के लिए गरिमा और प्रतिष्ठा युक्त जीवन सुनिश्चित किया है। गरीबी को खत्म करने के मोदी सरकार के लक्षित प्रयासों से परिवर्तनकारी परिणाम प्राप्त हुए हैं

****

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र की भाजपा-नीत राजग सरकार के पांच वर्षों में वैश्विक मंच पर भारत की प्रतिष्ठा में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। हमारा देश पूरी दुनिया के बेहतर भविष्य के लिए आज आतंकवाद, जलवायु परिवर्तन और काले-धन के खिलाफ वैश्विक लड़ाई का नेतृत्व कर रहा है

****

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में हिंदुस्तान दुनिया में सबसे तेज गति से आगे बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बनी है। 2014 में भारत विश्व की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में 9वें स्थान पर था जबकि मोदी सरकार के केवल पांच वर्षों में हम तेजी से प्रगति करते हुए छठे स्थान पर पहुंचे हैं और जल्द ही भारत विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगी

****

केंद्र में बनने वाली अगली मोदी सरकार भारत की प्रगति को एक नई ऊँचाइयों पर लेकर जायेगी जहां हर कोई खुशहाल और समृद्ध होगा

****

भारतीय जनता पार्टी ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के रूप में देश को एक निर्णायक, ईमानदार, सशक्त, दूरदर्शी एवं भ्रष्टाचार-मुक्त नेतृत्व देने का काम किया है और देश की जनता को भी अब विश्वास है कि केंद्र की मोदी सरकार उनकी अपनी सरकार है

****

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह ने आज चुनाव आयोग द्वारा सतरहवें लोक सभा चुनाव, 2019 की घोषणा का स्वागत करते हुए समस्त देशवासियों से रिकॉर्ड संख्या में मतदान कर दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के महापर्व को और मजबूती देने की अपील की।

श्री शाह ने कहा कि मैं समग्र राष्ट्र की जनता से आग्रह करता हूँ कि वे आने वाले लोक सभा चुनाव में “सबका साथ, सबका विकास” को समर्पित भारतीय जनता पार्टी को पुनः अपना आशीर्वाद दें। उन्होंने कहा कि **भारतीय जनता पार्टी ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के रूप में देश को एक निर्णायक, ईमानदार, सशक्त, दूरदर्शी एवं भ्रष्टाचार-मुक्त नेतृत्व देने का काम किया है और देश की जनता को भी अब विश्वास है कि केंद्र की मोदी सरकार उनकी अपनी सरकार है। उन्होंने देश की 130 करोड़ की जनता का आह्वान करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में सशक्त भारत, सुरक्षित भारत और समृद्ध भारत के लिए वे पुनः केंद्र में भारी बहुमत से भारतीय जनता पार्टी-नीत राजग सरकार के गठन का मार्ग प्रशस्त करें।**

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र की भाजपा-नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार ने हरेक क्षेत्रों में सफलता के नए आयाम स्थापित किये हैं। उन्होंने कहा कि **प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में हिंदुस्तान दुनिया में सबसे तेज गति से आगे बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बनी है। 2014 में भारत विश्व की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में 9वें स्थान पर था जबकि आज हम तेजी से प्रगति करते हुए छठे स्थान पर पहुंचे हैं और जल्द ही हम विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जायेंगे। राजग सरकार द्वारा उठाये गए सुधार के अभूतपूर्व क़दमों से भारत में कारोबार करना अब पहले की तुलना में काफी आसान हो गया है।** व्यापार के लिए ऐसी सहूलतें देश में पहले उपलब्ध नहीं थी।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि **जन-धन योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना जैसे कई इनिशिएटिव्स से लाखों भारतीयों के लिए गरिमा और प्रतिष्ठा युक्त जीवन सुनिश्चित किया है। गरीबी को खत्म करने के मोदी सरकार के लक्षित प्रयासों से परिवर्तनकारी परिणाम प्राप्त हुए हैं।**

श्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारतवर्ष की सुरक्षा और देश के रणनीतिक हितों को एक मजबूत बल मिला है। **देश को पहली बार यह विश्वास हुआ है कि आतंकी हमलों के परिदृश्य में हिन्दुस्तान अब असहाय नहीं है। शांति और सद्भाव को बिगाड़ने का प्रयास करने वाले आतंकवादी तत्वों को मोदी सरकार में करारा जवाब दिया जा रहा है। यह नया भारत है।**

भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि **प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र की भाजपा-नीत राजग सरकार के पांच वर्षों में वैश्विक मंच पर भारत की प्रतिष्ठा में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।** भारतीय पासपोर्ट की ब्रांड-वैल्यू बढ़ी है। **हमारा देश पूरी दुनिया के बेहतर भविष्य के लिए आज आतंकवाद, जलवायु परिवर्तन और काले-धन के खिलाफ वैश्विक लड़ाई का नेतृत्व कर रहा है।**

श्री शाह ने कहा कि **मोदी सरकार ने 130 करोड़ भारतीयों के कल्याण एवं उनके सुनहरे एवं सुरक्षित भविष्य को सुनिश्चित करने के लिए कई साहसिक फैसले किये हैं जिसका लाभ भी देश की जनता को मिलना शुरू हो गया है। आजादी के बाद पहली बार भ्रष्टाचार की जड़ पर प्रहार किया गया और ईमानदारी का उत्सव मनाया गया।** “फिर एक बार, मोदी सरकार” का नारा बुलंद करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि **केंद्र में बनने वाली अगली मोदी सरकार भारत की प्रगति को एक नई ऊँचाइयों पर लेकर जायेगी जहां हर कोई खुशहाल और समृद्ध होगा।**

Tweets by BJP National President Shri Amit Shah:

https://twitter.com/AmitShah/status/1104723331771756545

We welcome the declaration of elections for the 17th Lok Sabha. I call upon the people of India to turnout in record numbers and enhance the vibrancy of India's electoral process.

https://twitter.com/AmitShah/status/1104723519504613379

I urge 130 crore people of India to bless **@BJP4India** in the up-coming polls. Under the leadership of PM **@narendramodi**, NDA government has achieved phenomenal results in various spheres of governance. **#PhirEkBaarModiSarkar**

https://twitter.com/AmitShah/status/1104723620616724481

Under the visionary leadership of PM **@narendramodi** ji, Indian economy has emerged as the fastest growing economy. NDA government undertook unprecedented reforms which made doing business in India easier than ever before. **#PhirEkBaarModiSarkar**

https://twitter.com/AmitShah/status/1104723783867383808

Initiatives such as Jan Dhan, Ujjwala, Mudra Yojana, Ayushman Bharat, PM Awaas Yojana and more have ensured a life of dignity for millions of Indians. Modi government's efforts to eliminate poverty has shown transformational results.

https://twitter.com/AmitShah/status/1104724052546080769

Under PM **@narendramodi**, India's security and strategic interests have received a strong impetus. Our nation is no longer helpless in the wake of terror attacks. Any force attempting to disturb peace and harmony is being given befitting response. This is a New India.

https://twitter.com/AmitShah/status/1104724207882113025

In the last five years, India's prestige on the world stage stands enhanced significantly. Value of the Indian passport has increased. Our country has emerged as a leading voice in the global fight against terrorism, climate change and black money. **#PhirEkBaarModiSarkar**

https://twitter.com/AmitShah/status/1104725370190921730

PM **@narendramodi**'s government has dared to take bold and futuristic decisions for the welfare of 130 crore Indians. It has struck at the root of corruption and celebrated honesty. **#PhirEkBaarModiSarkar** will ensure India's giant leap, where everyone will be happy and prosperous.

(महेंद्र पांडेय)

कार्यालय सचिव